# आबकारी क्षेत्र में 6747 करोड़ रुपये का निवेश, 25 हजार से अधिक रोजगार सृजित

लखनऊ। आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि आबकारी क्षेत्र की 43 परियोजनाओं में अब तक 6747.88 करोड़ का निवेश हुआ है। इससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 25 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। इन 43 परियोजनाओं में से लगभग आधी संचालित हो चुकी हैं। बाकियों को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। आबकारी मंत्री ने मंगलवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय में आबकारी क्षेत्र में निवेश की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि नई आबकारी नीति ने निवेशकों को आकर्षित किया है। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। वहीं करीब 175 करोड़ की 4 निवेश परियोजनाएं कानपुर देहात, बिजनौर, उन्नाव, मैनपुरी में लागू हुई हैं। दिसंबर 2025 तक इसके अतिरिक्त करीब 820 करोड़ की 8 परियोजनाएं निवेश हेतु तैयार हैं। इसके अलावा करीब 3,328 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव निवेशकों ने दिए हैं। इनमें गोरखपुर, मथुरा, संभल, उन्नाव, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, पूर्वांचल एवं अन्य जिलों की परियोजनाएं शामिल हैं। ब्यूरो

## आबकारी मंत्री ने कहा, राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिली